②

राजस्थान–सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर पिड़ावा

क्रमांकः– राजस्व/2020/540 दिनांक 13/05/2020

–: आदेश :–

प्रार्थी राजेन्द्र जैन पिता लालसिह जैन वगैरह निवासी पिड़ावा द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्र अनुसार कस्बा पिड़ावा की आराजी खसरा नम्बर 1122 रकबा 0.1518 खातेदार राजेन्द्र जैन पिता लालसिंह हिस्सा 1/3, मनीष कुमार, प्रमोद कुमार पिता राजेन्द्र जैन हिस्सा 2/3 निवासी पिड़ावा व खसरा नं. 2054/1122 रकबा 0.1897 खातेदार विवेक सिंह पुत्र धनसिंह जैन निवासी पिड़ावा के खाते दर्ज है।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में तहसीलदार पिड़ावा से जांच रिपोर्ट ली गई जांच रिपोर्ट अनुसार खसरा नंम्बर 1122 उत्तर दिशा में खातेदार राजेन्द्र कुमार पिता लालसिंह हिस्सा 1/3, मनीष कुमार हिस्सा 1/3, प्रमोद कुमार हिस्सा 1/3 पिता राजेन्द्र कुमार जैन निवासी पिड़ावा का कब्जा है। एवं खसरा नंम्बर 2054/1122 में मौके पर दक्षिण दिशा में खातेदार विवेक सिंह पुत्र धनसिंह जैन निवासी पिड़ावा का कब्जा है। DILRMP होने के बाद नक्शे में खसरा नम्बर 1122 दक्षिण दिशा में एवं खसरा नम्बर 2054/1122 उत्तर दिशा में दर्ज हो गया है। मौका एवं जमाबन्दी रिकार्ड नक्शे में उत्तर दिशा में खसरा नं. 1122 एवं दक्षिण दिशा में खसरा नम्बर 2054/1122 की तरमीम शुद्ध करने की अनुशंषा प्राप्त है।

अतः प्रार्थी के तरमीम दुरूस्ती प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार पिड़ावा, पटवारी पिड़ावा व भू–अभिलेख निरीक्षक पिड़ावा की रिपोर्ट तथा रेकार्ड के आधार पर राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अनुसरण में ग्राम पिड़ावा तहसील पिड़ावा जिला झालावाड़ की जमाबन्दी सम्वत् 2074–2077 मे खसरा नं. 1122 रकबा 0.1518 नक्शे में उत्तर दिशा में एवं खसरा नम्बर 2054/1122 रकबा 0.1897 दक्षिण दिशा में जमाबन्दी व रेकार्ड पर तरमीम शुद्ध किये जाने की आज्ञा एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

संलग्न :– TDR पिडावा फर्द मौका रिपोर्ट

(श्रवणसिंह)
उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा
जिला झालावाड़

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

क्रमांकः– राजस्व/2020/541-42 दिनांक 13/05/2020

प्रतिलिपी निम्न को सूचनार्थ व पालनार्थ हेतु प्रेषित हैः–

1. तहसीलदार पिड़ावा को भेजकर लेख है कि आदेशानुसार राजस्व रेकार्ड नक्शे में तरमीम किये जाने हेतु।
2. प्रार्थी श्री राजेन्द्र जैन पिता लालसिह जैन वगैरह निवासी पिड़ावा को सूचनार्थ।

(श्रवणसिंह)
उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा
जिला झालावाड़

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

संतोषपुरे

Scanned with CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Shrawan Singh
Date: 2020.06.08 14:28:39 IST
Reason: SelfAttested